राजस्थान-सरकार

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर कुशलगढ़ जिला बाँसवाड़ा (राज.)**

फोन न0- 02965-275241 ई-मेल- sdmkushalgarh@gmail.com
SDO.KUSHALGARH@rajasthan.gov.in

क्रमांक : एफ ( ) रीडर/2025/233 दिनांक :- 30/10/25

निमित्त :-
तहसीलदार,
तहसील-कुशलगढ़

विषय :- प्रकरण संख्या 12/2024 कला बनाम भूमिधारी कुशलगढ़ में पारित आदेश की पालना बाबत्।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि न्यायालय हाजा के प्रकरण संख्या 12/2024 कला बनाम भूमिधारी कुशलगढ़ प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू.रा.अ. 1956 में पारित आदेश की प्रति इस पत्र के सलंग्न भेजी जा रही है। तदनुसार पालना कर पालना रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाये।

संलग्न :- आदेश।

(राकेश कुमार न्योल)
उपखण्ड अधिकारी कुशलगढ़,
जिला-बाँसवाड़ा (राज.)
उपखण्ड अधिकारी
कुशलगढ़ जिला बांसवाड़ा (राज.)



Scanned with CamScanner

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुशलगढ, जिला बॉसवाडा

पीठासीन अधिकारी – श्री राकेश कुमार न्योल (R.A.S.)

प्रकरण संख्या – 12/2024 दायर दिनांकः– 23.07.2024

ऑनलाईन प्रकरण सं. – 2024/27 निर्णय दिनांकः– 30.10.2025

1. कला पत्नि हीरा जाति भील उम्र व्यस्क निवासी ग्राम बिहारीपुरा, लुणावाडा तहसील कुशलगढ़।
2. हका पुत्री हीरा जाति भील उम्र व्यस्क निवासी ग्राम बिहारीपुरा, लुणावाडा तहसील कुशलगढ़।

**बनाम**

1. भुमिधारी तहसीलदार, कुशलगढ।
2. ईश्वर पुत्र हरजी जाति भील उम्र व्यस्क निवासी ग्राम बिहारीपुरा, लुणावाडा तहसील कुशलगढ़।
3. निर्मल पुत्र हुरजी जाति भील उम्र व्यस्क निवासी ग्राम बिहारीपुरा, लुणावाडा तहसील कुशलगढ़।
4. रमेंश पुत्र हुरजी जाति भील उम्र व्यस्क निवासी ग्राम बिहारीपुरा, लुणावाडा तहसील कुशलगढ़।
5. दिनेश पुत्र हवसिंग जाति भील उम्र व्यस्क निवासी ग्राम बिहारीपुरा, लुणावाडा तहसील कुशलगढ़।
6. थावरी पत्नि हवसिंग जाति भील उम्र व्यस्क निवासी ग्राम बिहारीपुरा, लुणावाडा तहसील कुशलगढ़।
7. जोगी पुत्र मोती जाति भील उम्र व्यस्क निवासी ग्राम बिहारीपुरा, लुणावाडा तहसील कुशलगढ़।
8. दोलसिंह पुत्र मोती जाति भील उम्र व्यस्क निवासी ग्राम बिहारीपुरा, लुणावाडा तहसील कुशलगढ़।
9. शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा कुशलगढ़।

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी (राज.)

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 रा.भू.रा.अधि. 1956 इन्द्राज दुरस्ती**

## –::निर्णय::–

प्रार्थीगण की ओर से एक प्रार्थना पत्र बाबत खाते में स्वंय का नामशुद्धि करने पेश कर निवेदन किया कि ग्राम बिहारीपुरा में प्रार्थीगण की पैत्रक कृषि भूमि सर्वे नंबर 30 रकबा 0.9551 हैक्टयर लगान 0.4400 की प्रार्थीगण व विपक्षीगण नं. 02 से 08 की शामलाती खातेदारी में व कब्जे काश्त में हिस्से बराबर–बराबर दर्ज है। उक्त भूमि पूर्व समय में 1–मोती व 2–हरजी 3–हीरा पुत्र फुलजी के नाम से दर्ज थी, उक्त सह खातेदारों मे से प्रार्थी सं. 1 के पति व प्रार्थी सं. 2 के पिता हिरा पुत्र फुलजी के देहान्त के समय नामान्तरण संख्या 215 दिनांक 24.08.1998 के द्वारा प्रार्थीगण का नामान्तरण उत्तराधिकार ग्राम पंचायत बडवास छोटी के द्वारा दर्ज किया गया है । उक्त नामान्तरण के समय प्रार्थीगण सं. 2 श्रीमती हका का नाम अपभ्रंश करते हुए हकली त्रुटीपूर्ण दर्ज कर दिया गया है। जककि प्रार्थी का सही नाम हका है। तथा उसके नाम के अन्य राजकीय दस्तावेज राशन कार्ड क्रमांकः– 09973800027 है। प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण सं. 2 से 08 के मध्य अन्य

उपखण्ड अधिकारी
कुशलगढ़ जिला बांसवाड़ा (राज.)

Scanned with CamScanner

पैत्रक कृषि भूमि ग्राम लुणावाडा खाता सं. 43 में प्रार्थी सं. 2 का सही नाम दर्ज है तथा प्रार्थी सं. 1 का नाम कला सही दर्ज है। उक्त ग्राम लुणावाडा के खाते के नामान्तरण में प्रार्थीगण के नाम सही अंकित किये गये। प्रार्थी सं. 2 का सही व वास्तविक नाम हका है, लेकिन ग्राम बिहारीपुरा की भूमि में वारिसान नामान्तरण के समय हकली दर्ज कर दिया जो कि गलत है। प्रार्थी के दस्तावेजो के अनुसार सही नाम प्रार्थी सं. 2 का हका दर्ज होना चाहिये था, इसी प्रकार से उक्त नामान्तरण के समय तो प्रार्थी सं. 1 का नाम कला सही दर्ज किया गया था, लेकिन नामान्तरण उपरांत संधारित की गई जमाबंदियों में प्रार्थी सं. 1 का नाम कला को अपभ्रंश करते हुए वर्तमान जमाबन्दी में नाम कला के स्थान पर काला गलत दर्ज कर दिया है। उक्त इन्द्राज अशुद्ध होकर उनकी शुद्धि किया जाना आवश्यक है। उक्त नाम त्रुटीपूर्ण दर्ज करने के कारण से प्रार्थीगणों को काफी कठिनाईयां होती है। उक्त नामान्तरण के समय व बाद की जमाबंदीयों के रख रखाव के समय में विपक्षी सं. 1 भूमिधारी व इनके अधिनस्थों के द्वारा ईन्द्राज त्रुटीपूर्ण होने की जानकारी देकर प्रार्थीगण द्वारा विपक्षी सं. 8 को निवेदन करने पर उनके द्वारा प्रार्थीगणों को उपखण्ड अधिकारी न्यायालय से आदेश होने पर इन्द्राज को दुरस्त करने हेतु कहा गया। जिससे उक्त रेकार्ड के संधारण में की गई अशुद्धियों को सही करने हेतु आवेदन अंतर्गत धारा 136 रा.भू.रा.अ. पेश है। प्रार्थीगण के नाम कला व हका सही करने के संबंध में ग्राम लुणावाडा की जमाबंदी तथा राशनकार्ड की फोटो कॉपी सलंग्न की है। प्रार्थीगण की प्रार्थना है कि प्रार्थी सं. 1 का नाम काला सही कर कलां दर्ज करने व प्रार्थी सं. 2 का नाम हकली सही कर हका दर्ज करने व त्रुटीपूर्ण नाम इन्द्राज को हटाने व उन्हे सही दर्ज करने के आदेश अप्रार्थी सं. 1 को प्रदान करना फरमावे। रेकार्ड पर बरती गई लेखनी की अशुद्धी को दुरस्त करने के आदेश प्रदान करना फरमावे। अन्य कोई कानुनी सहायता जो प्रार्थीगण प्राप्त करने के हकदार माने जावे वह भी प्रार्थीगण को प्रदान करने आदेश फरमावे।

प्रार्थना पत्र को दर्ज कर अप्रार्थीगणों को नोटिस जारी किया गया। अप्रार्थीगण नोटिस प्राप्त होने के बाद न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए एवं ना ही वकालतनाता प्रस्तुत करवाया गया। दिनांक तहसीलदार कुशलगढ़ को पत्र लिखा जाकर प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। तहसीलदार कुशलगढ़ के पत्रांकः– एफ ( )राजस्व/2025/359 दिनांक 27.10.2025 द्वारा प्राप्त रिपोर्ट अनुसार जमाबंदी संवत् 2074–77 ग्राम बिहारीपुरा प.म. बडवास छोटी के जमाबंदी खाता संख्या 59 कुल खसरा 01 रकबा 0. 9551 हैक्ट. में प्रार्थीगण का नाम क्र.सं. 02 काला पत्नि स्व. हीरा जाति भील व क्र.सं. 09 हकली पुत्री हीरा जाति भील सा. देह खातेदार दर्ज रिकार्ड है। प्रार्थीगण का नाम विरासत नामान्तरण संख्या 215 दिनांक 24.08. 1998 से हिरा पुत्र फुलजी की मृत्यु के उपरान्त हकली पुत्री हीरा व कालां बेवा हीरा का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुआ जोकि वर्तमान जमाबन्दी में भी दर्ज है। प्रार्थीगण का नाम राजस्व ग्राम लुणावडा प.म. बडवासबडी खाता संख्या 43 कुल खसरा 11 रकबा 3.3346 हैक्ट. में कला पत्नि स्व. हीरा व हका पुत्री हीरा अन्य सहखातेदारों के साथ दर्ज रिकार्ड है जोकि सही है। प्रार्थीगण का नाम अन्य दस्तावेजों में हका पुत्री हीरा व

उपखण्ड अधिकारी
कुशलगढ़ जिला बांसवाड़ा (राज.)

Scanned with CamScanner

कला पत्नि स्व. हीरा है। भूमिधारी कुशलगढ़ द्वारा ग्राम बिहारीपुरा प.म. बडवास छोटी जमाबंदी खाता संख्या 59 कुल खसरा 01 रकबा 0.9551 हैक्ट. में दर्ज प्रार्थीगण का नाम काला पत्नि हीरा के स्थान पर कला पत्नि स्व. हीरा तथा हकली पुत्री हीरा के स्थान पर हका पुत्री हीरा किया जाना उचित बताया एवं राजस्व रिकार्ड में शुद्धि किए जाने की अनुशंषा की है।

## आज्ञा

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, दस्तावेज एवं तहसीलदार कुशलगढ़ की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न प्रार्थी के राशन कार्ड, अन्य जमाबंदी में प्रार्थी संख्या 01 का नाम कलां पत्नि स्व. हीरा व प्रार्थी सं 02 का नाम हका पुत्री हीरा दर्ज है। प्रार्थीगणों का नाम राजस्व रिकार्ड में शुद्धि किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थीगणों का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जा कर ग्राम बिहारीपुरा पटवार हल्का बडवासछोटी की वर्तमान जमाबन्दी संवत् 2074–77 के खाता नम्बर 59 खसरा नम्बर 30 रकबा 0.9551 है. में प्रार्थी संख्या 01 का नाम **"काला पत्नि स्व. हीरा" के स्थान पर "कलां पत्नि स्व. हीरा" व प्रार्थी सं 02 का नाम "हुकली पुत्री हीरा" के स्थान पर "हका पुत्री हीरा"** शुद्धि किए जाने के आदेश दिए जाते है। शेष इन्द्राज बदस्तुर रहे। तहसीलदार कुशलगढ उक्त आदेशानुसार जमाबन्दी में अमलदरामद कर पालना करें।

(राकेश कुमार न्योल)
उपखण्ड अधिकारी
कुशलगढ़

**उपखण्ड अधिकारी**
**कुशलगढ़ जिला बांसवाड़ा (राज.)**

Scanned with CamScanner